दैनिक भास्कर 18/10/2022

# दीपांश ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीता सिल्वर

**अम्बाला** | एमएम कॉलेज फतेहाबाद में 13 से 15 अक्टूबर तक इंटर कॉलेज स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में जीएमएन कॉलेज के स्टूडेंट दीपांश ने सिल्वर मेडल जीता। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन और प्रबंधक कमेटी ने दीपांश को बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में दीपांश ने 56 किलो वर्ग में भाग लेकर 4 फाइट जीतकर रजत पदक जीता।

